
# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 5




# रक्षा मंत्रालय ने 2025 को सुधार का वर्ष घोषित किया है

रक्षा मंत्रालय ने 2025 को रक्षा सुधार वर्ष घोषित किया है जो अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## प्रमुख विशेषताएँ

- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)
- मशीन लर्निंग (ML)
- हाइपरसोनिक सिस्टम
- रोबोटिक्स
- मल्टी डोमेन एकीकृत संचालन पर ध्यान केन्द्रित करना।




(1) सुव्यवस्थित खरीद

(2) निर्यात उन्मुख दृष्टिकोण

(3) अनुसंधान एवं विकास (R&D)

## हाल ही में किये गए रक्षा सुधार

(1) चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS)

(2) अग्निपथ योजना

(3) आत्मनिर्भर भारत

(4) सरलीकृत खरीद

(5) रक्षा निर्माण

(6) अंतरिक्ष एवं साइबर एजेंसियां

(7) रक्षा अनुसंधान एवं विकास

5 Jan | P1

## रक्षा मंत्रालय ने 2025 को सुधार का वर्ष घोषित किया है


**प्रमुख सुधार क्षेत्र:**

1. **संयुक्तता और एकीकरण:**
    - सेना, नौसेना, और वायुसेना के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए एकीकृत थिएटर कमांड की स्थापना की जाएगी।
2. **उभरती प्रौद्योगिकियाँ:**
    - साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक्स, और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
3. **अधिग्रहण प्रक्रियाओं का सरलीकरण:**
    - रक्षा उपकरणों की खरीद प्रक्रियाओं को सरल और समयबद्ध बनाया जाएगा, जिससे क्षमता विकास तेज हो सके।
4. **सार्वजनिक-निजी भागीदारी:**
    - रक्षा क्षेत्र और असैन्य उद्योगों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।
5. **रक्षा निर्यात को बढ़ावा:**
    - भारत को रक्षा उत्पादों के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करने के लिए अनुसंधान एवं विकास और अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।
6. **भूतपूर्व सैनिकों का कल्याण:**
    - सेवानिवृत्त सैनिकों की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए उनके कल्याण के लिए नए उपाय अपनाए जाएंगे।

# तेजी से बढ़ रहा नोरोवायरस

- हाल ही के दिनों में नोरोवायरस संक्रमण तेजी से फैल रहा है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए चिंता का विषय बन गया है यह वायरस मुख्य रूप से बच्चों और बुजुर्गों को प्रभावित कर रहा है

नोरोवायरस एक प्रकार का संक्रामक वायरस है जिसे आमतौर पर स्टमक फ्लू कहा जाता है यह वायरस पाचन तंत्र को प्रभावित करता है



## लक्षण

(1) उल्टी और मतली
(2) पेट में ऐंठन और दर्द
(3) तेज दस्त
(4) बुखार और ठंड लगना
(5) थकान और कमजोरी
(6) सिरदर्द और शरीर में दर्द

## बचाव के उपाय

- साफ सफाई का ध्यान रखें।
- संक्रमित व्यक्ति से दूरी
- पानी उबालकर पीना
- ताजा और स्वच्छ भोजन
- स्वास्थ्य सेवाओं से संपर्क

# नोरोवायरस (Norovirus)

**संक्रमण का प्रसार:**

1. संक्रमित व्यक्ति से संपर्क:
    - हाथ मिलाना या एक ही सतह का उपयोग करना।
2. दूषित पानी या भोजन:
    - यह वायरस दूषित पानी या भोजन के माध्यम से फैलता है।
3. सार्वजनिक स्थानों पर:
    - भीड़भाड़ वाले स्थान जैसे स्कूल, अस्पताल, क्रूज शिप्स, और कैफेटेरिया।

विशेष प्रभावित समूह: छोटे बच्चे, बुजुर्ग, और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग।

प्रमुख क्षेत्र: क्रूज शिप्स, स्कूल, अस्पताल, और कैफेटेरिया।



# ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4 जनवरी 2025 को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस महोत्सव की थीम विकसित भारत 2047 के लिए एक लचीले ग्रामीण भारत का निर्माण रखी गई है।

## मुख्य बिंदु

- उद्घाटन समारोह
- प्रदर्शनी और गतिविधियां
- कार्यशालाएं और सत्र
- स्वास्थ्य और शिक्षा



## उद्देश्य

इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण भारत की संस्कृति कला और विकास की दिशा में सरकार की योजनाओं की प्रदर्शित करना है।

## विकसित भारत 2047

यह भारत सरकार का एक विजन है जिसका मकसद साल 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाना है। यह भारत की आजादी के 100वें साल का प्रतीक है।

# ग्रामीण भारत महोत्सव का उघाटन

आदर्श वाक्य: 'गांव बढ़े, तो देश बढ़े

**प्रधानमंत्री के वक्तव्य के मुख्य बिंदु:-**


1.ग्रामीण समृद्धि का महत्व

2.कृषि क्षेत्र में सुधार

3.बुनियादी सुविधाओं का विस्तार

4.स्वामित्व योजना

5.युवाओं के लिए अवसर



# विकसित भारत 2047 के कुछ लक्ष्य और चुनौतियाँ

- GDP वृद्धि पर ध्यान देना होगा।
- बुनियादी ढाँचे में सुधार करना होगा।
- शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना।
- सभी नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
- आय असमानता और गरीबी को कम करना।
- सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना
- समावेशी विकास पर ध्यान देना।
- पर्यावरणीय जिम्मेदारी लेना
- क्षेत्रीय असमानता को दूर करना।

Result Mitra




# UNSC में अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान का दो साल का कार्यकाल शुरू

पाकिस्तान ने 1 जनवरी 2025 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के अस्थाई सदस्य के रूप में अपना दो वर्षीय कार्यकाल शुरू किया। यह पाकिस्तान का UNSC में आठवां कार्यकाल है।

## मुख्य बिंदु

- पाकिस्तान का चुनाव
- भारत के लिए चिंता
- पाकिस्तान का एजेंडा
- चीन का समर्थन
- अध्यक्षता का अवसर




Result Mitra

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)

यह संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों में से एक है।

स्थापना - 1945

- कुल सदस्य - 15
- 5 स्थायी → चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम, USA
- 10 अस्थायी

  ( अस्थायी सदस्यों को 2 साल के लिए चुना जाता है।

UNSC में अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान का दो साल का कार्यकाल

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्यता:

- सुरक्षा परिषद में 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। अस्थायी सदस्य दो वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। हर वर्ष महासभा में पाँच अस्थायी सदस्यों का चुनाव होता है।
- अस्थायी सदस्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, विशेषकर आतंकवाद से जुड़ी प्रतिबंध समितियों में।

Result Mitra



# 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ

31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्घाटन 3 जनवरी 2025 को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हुआ। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस चार दिवसीय कांग्रेस में भारत के विभिन्न राज्यों से 700 से अधिक बाल वैज्ञानिक शिक्षक एवं मेंटर्स भाग ले रहे हैं।

इस कांग्रेस का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को समझना है जिसके 5 विषय हैं।

- पारिस्थितिकी तंत्र की समझ
- आत्मनिर्भरता के लिए पारिस्थितिकी दृष्टिकोण
- पोषण और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना
- सामाजिक सांस्कृतिक प्रथाएँ
- तकनीकी नवाचार





5 Jan | P7

## 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का शुभारंभ

प्रमुख गतिविधियाँ:

- प्रदर्शनियाँ: चंद्रयान मिशन प्रदर्शनी, वॉटर रॉकेटरी, रोबोटिक्स, हाईड्रोपोनिक्स, पर्यावरण साँप-सीढ़ी, और चीता संरक्षण प्रदर्शनी आयोजित की गईं।
- वैज्ञानिक संवाद: IIT मुंबई के डॉ. चेतन सोलंकी, AIIMS दिल्ली के डॉ. नंद कुमार, और IISER पुणे के डॉ. चैतन्य पूरी जैसे प्रमुख वैज्ञानिकों ने छात्रों के साथ संवाद किया।
- वराहमिहिर वेधशाला का उद्घाटन:मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला के ऑटोमेशन का उद्घाटन किया, जिससे आम नागरिक घर बैठे खगोलीय अध्ययन कर सकेंगे




# राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस

यह एक राष्ट्रीय विज्ञान संचार कार्यक्रम है। जिसकी शुरुआत 1993 में हुई थी।

यह 10-17 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है।

Result Mitra



# आरिफ मोहम्मद खान ने बिहार के 42 वें राज्यपाल पद की शपथ ली।

आरिफ मोहम्मद खान ने 2 जनवरी 2025 को पटना के राजभवन में बिहार के 42 वें राज्यपाल के रूप में शपथ लीं। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के मुख्य न्यायाधीश कृष्ण विनोद चंद्रन ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई

आरिफ मोहम्मद खान केरल के राज्यपाल थे। और अब बिहार के राज्यपाल के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे।

आरिफ मोहम्मद खान बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में रह चुके है



Result Mitra

# राज्यपाल

केन्द्र में जिस प्रकार राष्ट्र का प्रमुख राष्ट्रपति होता है तथा शासन प्रमुख प्रधानमंत्री उसी प्रकार राज्यों में राज्य का प्रमुख राज्यपाल तथा शासन का प्रमुख मुख्यमंत्री होता है।

संविधान के अनुसार अनु. 155 के अंतर्गत राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

भारतीय संविधान के अनु. 156 के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया है कि राज्यपाल राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद धारण करता है।

सामान्यतः राज्यपाल का कार्यकाल 5 वर्ष का होता है किन्तु इससे पहले भी वह राष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र देकर सेवा से मुक्त हो सकता है

राष्ट्रपति राज्यपाल को दूसरे कार्यकाल के लिए पुनः नियुक्त कर सकता है।

Result Mitra

## योग्यताएं




- 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो।
- किसी राज्य अथवा संघ सरकार के अंतर्गत लाभ का पद धारण न करता हो।